सोमवार

31 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज






6.5 कट्ठा जमीन के लिए आथर में भतीजे ने चाचा को मारी गोली, इलारज

3




मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,


**मन की बात: पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को किया संबोधित**

# प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को पेड़ लगाने व पानी बचाने का प्रयास करना होगा: मोदी

- इस बार 4000 से अधिक मुस्लिम महिलाओं ने पुरुष साथी के बगैर हज किया
- सर्वजन हिताय ही भारत की भावना और ताकत है

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को मन की बात की। मन की बात का यह 103वां एपिसोड था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सर्वजन हिताय ही भारत की भावना और ताकत है। इसका उदाहरण हाल ही में देखने को मिली, जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ की टीम ने बहुत अच्छा काम किया। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दिन में रिकॉर्ड 30 करोड़ पौधे लगाए जाना जन भागीदारी और जागरूकता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस बार 4,000 से अधिक मुस्लिम महिलाओं ने महरम (पुरुष साथी) के बगैर हज किया। उन्होंने हज नीति में बदलाव का जिक्र किया और सऊदी अरब सरकार का आभार जताया।

पीएम मोदी ने कहा, जुलाई का महीना यानी मॉनसून का महीना, बारिश का महीना। बीते कुछ दिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं। यमुना समेत कई नदियों में बाढ़ से कई इलाकों में लोगों को तकलीफ उठानी पड़ी। पहाड़ी इलाकों में भू-स्खलन की घटनाएं भी हुई हैं। बारिश का यही समय वृक्षारोपण और जल संरक्षण के लिए भी उतना ही जरूरी होता है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बने 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों में भी रौनक बढ़ गई है। अभी 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल रभी रहा है। हमारे देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ जल संरक्षण के लिए नए-नए प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने कहा, मैं चाहूंगा कि हम सभी पेड़ लगाने और पानी बचाने के इन प्रयासों का हिस्सा बनें। सावन के महीने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश के लोगों की आस्था और यहां की परंपराओं का एक पहलू और भी है कि ये जीवन को गतिशील बनाती हैं।

## अमेरिका ने कई प्राचीन कलाकृतियां वापस लौटाई

पीएम मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक अद्भुत क्रेज दिखा। अमेरिका ने हमें सौ से ज्यादा दुर्लभ और प्राचीन कलाकृतियां वापस लौटाई हैं। इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इन कलाकृतियों को लेकर खूब चर्चा हुई। भारत लौटीं ये कलाकृतियां ढाई हजार साल से लेकर ढाई सौ साल तक पुरानी हैं।

**'भोजपत्र' बना आजीविका का साधन:** देवभूमि उत्तराखंड की कुछ माताओं और बहनों ने जो पत्र मुझे लिखे हैं, वो भावुक कर देने वाले हैं। उन्होंने अपने बेटे को, अपने भाई को, खूब सारा आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा है कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर रहा 'भोजपत्र', उनकी आजीविका का, साधन, बन सकता है। मुझे ये पत्र लिखे हैं चमोली जिले की नीती-माणा घाटी की महिलाओं ने। ये वो महिलाएं हैं, जिन्होंने पिछले साल अक्टूबर में मुझे भोजपत्र पर एक अनूठी कलाकृति भेंट की थी। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि भोजपत्र से नए-नए उत्पाद बनाने के लिए राज्य सरकार महिलाओं को ट्रेनिंग दे रही है।

**इस बार भी हर घर तिरंगा फहराना है:** पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के लिए जैसे पूरा देश एक साथ आया था, वैसे ही हमें इस बार भी फिर से, हर घर तिरंगा फहराना है और इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाना है।

## प्रतिबंधित संगठन अल बद्र से जुड़ा आतंकी श्रीनगर से गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पुलिस ने एक हाइब्रिड आतंकी को पकड़कर बड़ी घटना को अंजाम देने के आतंकियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया है कि शहर के बटमालू इलाके से प्रतिबंधित संगठन अल-बद्र से जुड़े आतंकी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आतंकी की पहचान अरफत यूसुफ के रूप में हुई है, जो पुलवामा के राजपुरा का रहने वाला है। उसके कब्जे से पुलिस को एक पिस्टल, 20 राउंड जिंदा गोलियां और 2 मैगजीन सहित हथियार और गोला-बारूद व आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने एक बयान जारी कर बताया कि खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने अरफत यूसुफ को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यूसुफ दक्षिण कश्मीर रेंज में आतंकी गतिविधियों में शामिल था और नापाक मंसूबों के साथ श्रीनगर आया था। पुलिस उस पर नजर रखे हुए थी, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकी के खिलाफ बटमालू पुलिस स्टेशन में यूएपीए समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दाने-दाने को हुए मोहताज सीमा सचिन, परेशानी में पड़ा परिवार

- सचिन के पिता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- बोले- पुलिस केस के कारण पूरा परिवार घर में ही कैद
- बाहर निकलने की इजाजत नहीं, खत्म है राशन



**एजेंसी/नई दिल्ली**

अपने प्रेमी सचिन के लिए पाकिस्तान से भारत आई सीमा की लवस्टोरी में गरीबी का एंगल आ गया है। सचिन के घर के सभी लोग खाने को तरस रहे हैं। कमाई पूरी तरह से बंद है। घर का राशन खत्म हो गया गया है। घर में खाने-पीने के लाले पड़े हुए हैं। घर के सभी लोग दाने-दाने को मोहताज हैं। दरअसल सचिन के पिता नेत्रपाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वो अपने घर की परिस्थिति के बारे में बताते नजर आ रहे हैं।

सचिन के पिता का कहना है कि पुलिस केस के कारण पूरा परिवार घर में ही रह रहा है। वह बाहर भी नहीं जा पा रहे हैं। कमाई बंद है। हमारे हालात सही नहीं हैं। खाने-पीने की काफी दिक्कत है। सचिन के पिता का कहना है कि हम रोज कमाकर खाने वाले लोग हैं, लेकिन पुलिस ने घर से बाहर न जाने के लिए कहा, ऐसे में वे लोग कुछ भी नहीं कमा पा रहे हैं। दिन भर घर में रहने के कारण खाने-पीने के लाले पड़ गए हैं। इसलिए हमने लोकल एसएचओ को भी इसके लिए पत्र लिखा है। जिससे की वो हमारी बात आगे सीनियर अधिकारियों तक पहुंचा दें। अधिकारी इस समस्या का कोई समाधान निकालें। जिससे की हमारी रोजी-रोटी चल सके।

बता दें पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और सचिन की लवस्टोरी में हर किसी ने दिलचस्पी दिखाई, लेकिन जांच एजेंसियों का शक भी सीमा पर बढ़ रहा है। घर में किसी को भी बाहर जाने की परमिशन नहीं दी गई है। पुलिसवालों का पहरा भी लगा है। सीमा-सचिन इन दिनों रबूपुरा के दूसरे घर में रह रहे हैं।


जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines

Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team

R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

## राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती प्रदान करने के लिए छात्र राजद भारत का गठन

# 2024 में बीजेपी बनाम इंडिया के बीच होगी लड़ाई, इसी रणनीति पर हो रहा काम: लालू

♦ लालू प्रसाद के बड़े बेटे व बिहार सरकार के मंत्री तेज प्रताप यादव ने बनाया एक और संगठन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार के मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने एक और संगठन बनाया है। इसका नाम दिया है छात्र राजद भारत। पटना में कई जगह इसके पोस्टर देखे गए। इसमें तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी और लालू प्रसाद यादव की तस्वीर लगाई है। पोस्टर में स्पष्ट लिखा गया है कि राष्ट्रीय जनता दल को मजबूती प्रदान करने के लिए छात्र राजद भारत है। यानी तेज प्रताप ने स्पष्ट कर दिया है यह संगठन अलग नहीं होगा। यह राजद के अंदर ही काम करेगी। और पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए छात्र राजद भारत के कार्यकर्ता काम करेंगे।

राजधानी पटना में मंत्री तेज प्रताप यादव के आवास पर छात्र राजद भारत के कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बीजेपी बनाम 'इंडिया' को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस साथ मिलकर सरकार चला रही है। 2024 चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है। एक के खिलाफ एक की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसको लेकर मुंबई में बैठक होने वाली है। बीजेपी बनाम 'इंडिया' के बीच लड़ाई होगी। बीजेपी वालों को हिम्मत है तो अब 'इंडिया' को गाली देकर दिखाए। इस 'इंडिया' नाम को सभी ने काफी तारीफ की है।



### बीजेपी को विपक्षी एकता से बहुत घबराहट है

लालू यादव ने कहा कि 'इंडिया' की रणनीति को लेकर मुंबई बैठक है। इस बैठक में सुझाव देंगे कि सभी आपस में भेद-भाव भूलकर एक साथ चुनाव लड़े। बीजेपी हटाओ, नरेंद्र मोदी हटाओ। बीजेपी को विपक्षी एकता से बहुत घबराहट है। बीजेपी का अंत तय है। बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। बिहार में पंचायत स्तर पर गांव-गांव में बाबा साहब पर चर्चा हो रही है। मैं आप सभी से अनुरोध कर रहा हूं कि सब कुछ छोड़कर देश के लिए लड़ें। लालू यादव ने आगे कहा कि डीएसएस संगठन काफी लोकप्रिय है। इससे बीजेपी और आरएसएस को डर लगता है। तेजप्रताप यादव को सलाह देते हुए कहा कि आप लोग उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली में डीएसएस का कार्यक्रम कराएं। आरएसएस वाले आप लोगों से घबराते हैं। बता दें, तेज प्रताप यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तर्ज पर बिहार में धर्मनिरपेक्ष सेवक संघ का गठन किया था।

### तेज प्रताप बोले... राजद नहीं महागठबंधन बोलो

छात्र राजद भारत की बैठक के दौरान कार्यक्रम में कुछ गायक मंच पर गाना गा रहे थे- बस एक ही पुकार हो..बस राजद की सरकार हो... यह सुनकर मंत्री तेज प्रताप ने उन्हें टोका। सिंगर नहीं सुन पाए तो पास बैठे शख्स को इशारा करने को कहा। फिर सिंगर से कहा कि राजद नहीं महागठबंधन बोलो।

## सीएम नीतीश कुमार ने पार्टी के नेताओं की बुलाई अहम बैठक

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच बीजेपी के खिलाफ बिगुल फूंक चुके नीतीश कुमार 'विपक्ष एकता' के साथ अपनी पार्टी को भी जमीनी स्तर पर मजबूर रखने में जुटे हैं। इसी को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने पार्टी के नेताओं की अहम बैठक बुलाई है। जानकारी के अनुसार पार्टी नेताओं की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी से वन-टू-वन बातचीत की। इस मीटिंग को आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों को लेकर काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि बैठक के एजेंडे के बारे में कुछ ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल सांसदों और विधायकों से मिलने के लिए दो शिफ्ट तय की गई है। बैठक में वित्त मंत्री विजय चौधरी और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद थे।

हालांकि बैठक के एजेंड को लेकर कुछ साफ नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने सांसदों-विधायकों से मिलकर लोकसभा चुनाव के साथ गठबंधन इंडिया को लेकर अहम चर्चा करेंगे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बैठक के बाद कई अहम फैसले ले सकते हैं।

## जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा: चिराग

**केटी न्यूज/पटना**

लोजपा (रामविलास) चिराग पासवान ने एक बार फिर से सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। रविवार दोपहर एसके मेमोरियल हॉल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वो लोग सोच रहे थे लोजपा को तोड़ दो, टूट जाएगा चिराग पासवान। लेकिन, नहीं टूटा चिराग। फिर षडयंत्र रचा कि इसको इसके घर से निकालकर सामान को बाहर निकाल दो, फिर भी नहीं टूटा चिराग पासवान। जो ऐसा सोचते हैं, वह भूल जाते हैं कि चिराग पासवान शेर का बेटा है। चिराग ने कहा कि मैं न झुकने वाला हूं, न



टूटने वाला हूं और डरता तो मैं किसी से नहीं हूं। जिसकी ताकत आजमाना है आजमा लीजिए। मैं सिर पर कफन बांधकर निकल चुका हूं। जब तक बिहार को विकसित राज्य नहीं बना दूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा।

**कटिहार में प्रशासन के लोगों ने किसानों की हत्या की है:** वहीं सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कटिहार में प्रशासन के लोगों ने किसानों की हत्या की है और बिहार सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों की बैठक में व्यस्त हैं लेकिन किसानों से मिलने का उनके पास समय नहीं है। चिराग ने आरोप लगाया कि नीतीश सरकार लाठी-डंडों और गोली से बात कर रही है। कटिहार मामले में सरकार लीपापोती करने का काम कर रही है। अब सरकार कह रही है कि किसानों की मौत गोली पुलिस की गोली से नहीं हुई है।

## वीर हनुमान की तरह अपनी शक्ति को पहचानें लोग: सहनी

**मुजफ्फरपुर।** सन ऑफ मल्लाह ' के नाम से चर्चित विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी रविवार को अपने निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान प्रत्येक तय स्थल पर हजारों को भीड़ उनके स्वागत के लिए खड़ी दिखी। इस क्रम में सहनी ने लोगों से हनुमान की तरह अपनी शक्ति को पहचानने की अपील करते हुए आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए सभी के हाथों में गंगा जल लेकर पूर्वजों और अपने आराध्य को साक्षी मानकर संकल्प कराया। यात्रा भटौना के मड़वन हाई स्कूल से प्रारंभ हुई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी पार्टी के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## एक अगस्त से जदयू पूरे राज्य में करेगी भाईचारा यात्रा की शुरुआत

♦ 2024 चुनाव के लिए मुस्लिम समाज में पैठ बनाने के उद्देश्य से की जाएगी यात्रा

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव में अब एक साल से भी समय कम है। इसको लेकर सभी पार्टी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक अगस्त से जेडीयू की भाईचारा यात्रा शुरू होगी। एक अगस्त से यात्रा छह दिसंबर तक चलेगी। 26 जिलों में यात्रा जाएगी। तीन चरणों में यात्रा होगी। बिहार सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताया जाएगा। जेडीयू के मुस्लिम नेता यात्रा करेंगे। यात्रा का नेतृत्व जेडीयू एमएलसी खालिद अनवर करेंगे। बताया जा रहा है कि 2024 चुनाव के लिए मुस्लिम समाज में पैठ बनाने के उद्देश्य से इस यात्रा की शुरूआत हो रही है।

उमेश कुशवाहा ने कहा कि 18 साल में बतौर सीएम नीतीश कुमार के कामकाज को जनता तक पहुंचाया जाएगा। इसमें भाईचारा का संदेश दिया जाएगा. अल्पसंख्यकों के लिए क्या कुछ किया गया है। इसे भी बताया जाएगा। यात्रा के बीच में नीतीश कुमार भी शामिल होंगे।

## एक नजर

### पटना सिटी में अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर की हत्या, लोगों में दहशत

**पटना।** पटना सिटी में दिनदहाड़े युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। आननफानन में उसे नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। अस्पताल में लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना खाजेकला थाना क्षेत्र के गंगा घाट की है। मृतक की पहचान बड़ी पटन देवी हाजमा गली निवासी संतोष कुमार उर्फ कलमपुआ 42 वर्ष के रूप में की गई है। परिजनों का कहना है कि संतोष कुमार रविवार को दाह संस्कार में शामिल होने गया था। इसी बीच अपराधी आए और अचानक गोलियां बरसाने लगे। गोली लगते ही संतोष बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद अपराधी फरार हो गए। इसी बीच आननफानन में वहां मौजूद लोगों ने घायल युवक को एनएमसीएच में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की पुष्टि करते हुए खाजेकला थाना प्रभारी राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि संतोष घाट पर दाह संस्कार में शामिल होने गया था। इसी दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी। उसकी मौत की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

### शेखपुरा में शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर हमला

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रविवार की शाम शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग के एक दल पर शराब कारोबारी और शराबियों ने हमला कर एक पुलिस जवान को घायल कर दिया। घटना के बाद घायल जवान को छापेमार दल द्वारा स्थानीय सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया गया है। घायल जवान की पहचान होमगार्ड जवान अजीत कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद निरीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग को शिकायत मिली थी कि आजाद नगर मोहल्ले में शाम में शराबियों और कारोबारियों का जमावड़ा लगा रहता है। सूचना मिलने के बाद उत्पाद कार्यालय से उत्पाद दरोगा निशा कुमारी और प्रीति कुमारी के संयुक्त टीम उक्त मोहल्ले में छापेमारी करने पहुंची थी। छापेमार दल ने अड्डे से दो शराबियों को हिरासत में लेकर वापस लौटने की तैयारी में थी। तभी बदमाशों ने अचानक छापेमार दल पर हमला बोलकर दोनों शराबियों को छुड़ा लिया और एक जवान को बुरी तरह घायल कर दिया।

### बिहटा के नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में शुरू हुई एमआरआई की सुविधा

**बिहटा।** बिहटा के अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में मरीजों को अब एमआरआई (मैग्नेटिक रेसोनेंस इमेजिंग) की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। लगभग 15 करोड़ की लागत से एमआरआई मशीन लगाई गई। मशीन का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संस्था के चेयरमैन एमएम सिंह तथा मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण मुरारी सिंह, प्रिंसिपल शान्तनु कुमार त्रिपाठी,डॉ रामजी प्रसाद,डॉ अरबिंद प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं दीपप्रज्वलन कर किया। एमआरआई स्कैन का उपयोग मस्तिष्क, हड्डियों और मांसपेशियों, कोमल ऊतकों, छाती, ट्यूमर-कैंसर, स्ट्रोक, मनोभ्रंश, माइग्रेन, धमनियों में रुकावट और आनुवंशिक विकारों का पता लगाने के लिए किया जाता है। डॉ अरविन्द प्रसाद ने कहा त्वरित जांच से बीमारियों का असली कारण समय पर पता चलता है और इलाज भी सही दिशा में शुरू हो जाता है।



## खबरें फटाफट

### भारी मात्रा में शराब के साथ महिला समेत पांच तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी पायी है। पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग जगहों से छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ बाइक और मोबाइल बरामद किया है। पुलिस की टीम ने इस मामले में महिला धंधेबाज सहित पांच को गिरफ्तार किया है। धंधेबाजों की निशानदेही पर पुलिस की टीम अन्य जगहों पर भी छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार सम्हार रोड में दो धंधेबाज बाइक पर शराब लेकर उसे खपाने जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम उस सड़क पर अपनी गतिविधि बढा दी। इसी दौरान पुलिस को देख एक बाइक सवार अपनी बाइक की रफ्तार तेज कर दी। पुलिस को संदेह हुआ और पीछा कर बाइक चालक को दबोच लिया। जब बाइक की तलाशी ली गयी तो बोरे में छिपाकर सीट पर रखी गयी चार कार्टनों में 288 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। पुलिस ने बाइक, शराब और दोनों धंधेबाजों के पास से मोबाइल भी बरामद किया है। पकड़े गये धंधेबाज सिमरी के राजापुर नवरंग राय के डेरा गांव निवासी घुरनल यादव के पुत्र अशोक यादव और सिमरी का रहने वाला भरत गोंड के पुत्र चितरंजन कुमार बताया जाता है। पुलिस ने जब इन दोनों धंधेबाजों के साथ कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो दोनों ने शराब डुमरांव से खरीद कर अपने इलाके में बेचने की बात बतायी। इन धंधेबाजों की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल बाजार निवासी राहुल कुमार और बड़का अंगना के पंकज कुमार की पहचान की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने लालगंज कड़वी से रात्रि पहर छापेमारी कर 51 पीस अंग्रेजी शराब और पांच लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस मामले में मुसाफिर राय की पत्नी सुमन देवी को गिरफ्तार किया।

### बक्सर जाने के दौरान चुरामनपुर गांव के पास अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर

# भाई को बाबाधाम का प्रसाद देने जा रहे डाक अभिकर्ता की सड़क हादसे में मौत

- मृतक सुधीर मिश्र सिमरी थाना क्षेत्र के धनंजयपुर गांव के रहनेवाले थे
- पुराना भोजपुर डाक घर में थे कार्यरत

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 922 पर चुरामनपुर गांव के पास रविवार की सुबह हुए अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से पुराना भोजपुर पोस्ट ऑफिस के डाक अभिकर्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय निवासियों द्वारा उन्हें इलाज के लिए बक्सर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक डाक अभिकर्ता सुधीर मिश्र उर्फ लाली मिश्र उम्र 50 वर्ष सिमरी थाना क्षेत्र के धनंजयपुर गांव के स्व भरत मिश्र के पुत्र थे तथा पुराना भोजपुर डाक घर में बतौर अभिकर्ता कार्यरत थे। इस मनहूस खबर के मिलते ही परिजन दौड़े भागे घटना स्थल की ओर रवाना हो गए।

इधर औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। दरवाजे पर शव आते ही परिजनों के क्रंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। ग्रामीणों की मानें तो वे काफी मिलनसार प्रवृति के थे। यही कारण है कि उनके निधन से पूरा गांव मर्माहत हो गया है। हालांकि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है।



सड़क हादसे में पति की मौत की खबर पाकर बेसुध पड़ी पत्नी और शोक में डूबे परिजन।

### दो भाईयों में बड़े थे सुधीर

जानकारी के अनुसार मृतक दो भाईयों में बड़े थे। उनके छोटे भाई श्रीधर मिश्र उर्फ पप्पू मिश्र एलआईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता है। वही वे अपने पीछे पत्नी आशा देवी तथा दो पुत्रों राजा 22 वर्ष व भोला 20 वर्ष को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से ही पत्नी तथा बच्चे रोते रोते बेसुध हो गए हैं। सबसे खराब स्थिति उनकी पत्नी का था। यही हाल अन्य परिजनों का था। आलम यह था कि उनके दरवाजे पर ढांढस बंधाने पहुंचने वाले खुद रो पड़ रहे थे।

### पत्नी थकान की बात कह जाने से रोक रही थीं, पर नहीं माने



कहा जाता है कि मौत बहाने ढूंढती है। धनंजयपुर निवासी अभिकर्ता सुधीर मिश्र की मौत में यह देखने को भी मिला। जानकारी के अनुसार वे अपने कुछ साथियों के साथ बाबा वैद्यनाथ धाम जलाभिषेक करने गए थे तथा रविवार की सुबह ही वहां से घर लौटे। घर आने के थोड़ी देर बाद ही चाय पीकर बक्सर के लिए बाइक से निकल गए। इस दौरान उनकी पत्नी रास्ते के थकान का हवाला दे उन्हें रोकने का प्रयास करती रह गई लेकिन वे अपने भाई को प्रसाद देने तथा कुछ अन्य जरूरी कामों का हवाला दें आने के आधा घंटा के अंदर ही घर से बक्सर के लिए चल पड़े। तब शायद किसे पता था कि वे लौटकर नहीं आएंगे।

## 6.5 कट्ठा जमीन के लिए आथर में भतीजे ने चाचा को मारी गोली

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले में जमीन विवाद में झगड़े रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जमीन विवाद को लेकर आए दिन गोली चलने का मामला सामने आता रहता है। इस क्रम में रविवार की देर रात भी जिले के वासुदेवा ओपी क्षेत्र के आथर गांव में जमीन विवाद को लेकर गोली चलाई गई। जिसमें आथर निवासी स्व. सुदर्शन यादव के बेटे हीरालाल यादव बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। वहीं, घटना के बाद गांव में सनसनी मच गई। सूचना मिलने के बाद वासुदेवा ओपी इंचार्ज विष्णु देव दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और छानबीन शुरू की। जहां पाया कि हीरालाल यादव के गोतिया में लगने वाले भतीजे स्व. शिवजी यादव के बेटे सुनील यादव ने अपने रिश्तेदारों को बुलाकर उनकर गोली चलवायी। वहीं, गोली चलाने वाले लोग बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने हीरालाल को इलाज के रवाना कराया और परिजनों का बयान दर्ज किया। इस बीच देर रात सूचना मिलने पर डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी भी मौके पर पहुंचे। जहां से उनके निर्देश पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही, घटना स्थल से हमलावरों की बाइक को जब्त कर थाने लाया गया।





एसडीपीओ ने बताया कि हीरालाल यादव और सुनील यादव के बीच कई दिनों से 6.5 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच विवाद इतना बढ़ गया कि सुनील ने हीरालाल को मारने की नियत से अपने रिश्तेदारों को बुलाया था। उन्होंने बताया कि हीरालाल को इलाज के लिए पटना ले जाया गया है। गोली उसके सीने के दाहिने ओर निचले हिस्से में लगी है। जिससे कोई चिंता की बात नहीं है। हमलावरों की पहचान कर ली गई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, हिरासत में लिए गए दोनों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## खेत में करंट लगने से युवक की मौत

**राजपुर।** रविवार को राजपुर थाना क्षेत्र के सिसराढ़ गांव के बधार में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अक्षय कुमार उर्फ मकु राम स्थानीय गांव का ही रहने वाला था। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह वह गांव के पूरब बधार में टहलने गया था। इसी दौरान उधर हाईटेंशन तार टूटकर गिरा था, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। थोड़ी देर बाद खेतों की तरफ निकले किसानों की नजर जब बेसुध पड़े युवक पर पड़ी तो उसे डंडे के सहारे तार से अलग हटा तुरंत सीएचसी केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने इसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### ब्रह्मपुर में नेफेड ने स्टाल लगा बेचा 70 रूपए किलो टमाटर, उमड़ी खरीददारों की भीड़



**ब्रह्मपुर।** देशभर में टमाटर के भाव रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। देश के अलग अलग हिस्सों में 120 से 160 रूपया प्रतिकिलो तक टमाटर बिक रहा है। लेकिन केन्द्र सरकार ने लोगों को टमाटर के बढ़े भाव से राहत दिलाने के लिए नेफेड के माध्यम से बिक्री शुरू कराई है। रविवार को ब्रह्मपुर में नेफेड तथा फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में स्टाल लगा 70 रूपया प्रतिकिलो की दर से टमाटर की बिक्री करवाई गई। सस्ते दर पर टमाटर मिलने की जानकारी होते ही वहां खरीददारों की भीड़ उमड़ गई थी। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने कतारबद्ध हो टमाटर खरीदा। लोगों का कहना था कि केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद के पहल पर उन्हें प्रतिकिलो 50 से 60 रूपया कम के भाव से टमाटर मिला है। हालांकि स्टाक सीमित था जिस कारण कई लोग टमाटर खरीदने से महरूम भी रह गए। बता दें कि टमाटर की बढ़ती किल्लत और महंगाई से आम जनता इन दिनों त्रस्त है। टमाटर आम जनता की पहुंच से कोशो दूर हो गया है। वैसे तो आलू से लेकर हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। इस बीच भारत सरकार के निर्देश पर नेफेड की सस्ते दर पर टमाटर बेचे जाने का आमलोग स्वागत कर रहे है। नेफेड के चेयरमेन भरत कुंवर ने बताया कि पूरे जिले में नेफेड सस्ते दर पर टमाटर उपलब्ध करवा रहा है।

### मणिपुर हिंसा के खिलाफ पीएम का फूंका पुतला

**बक्सर।** मणिपुर हिंसा के खिलाफ रविवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन ने अपने राज्यव्यापी अभियान के तहत प्रतिरोध मार्च निकाल प्रधानमंत्री नरेन्छ्र मोदी का पुतला दहन किया। यह आक्रोश मार्च शहर के किला मैदान से जिला सचिव क्षितिज केसरी के नेतृत्व में निकाला गया जो पुलिस चौकी पहुंचा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने के बाद एक सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता राज्य उपाध्यक्ष बबलू राज एवं संचालन जिला अध्यक्ष संतोष यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद तेज नारायण सिंह ने कहा कि मणिपुर में जब से बीजेपी की सरकार बनी है तभी से दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ा है। मौके पर मौजूद लोगों ने दोषियों को फांसी देने क। इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री बालक दास एवं जिला परिषद सदस्य केदार यादव, पृथ्वीराज, राहुल ठाकुर, प्रिंस इदरीसी, रंजन कुमार, संदीप यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### 10 हजार छात्रों को सदस्य बनाएगा अभाविप

**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले में 10 हजार नयें छात्रों को अपना सदस्य बनाएगी। रविवार को बक्सर स्थित परिषद कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें सदस्यता अभियान और महाविद्यालय में संचालित की जाने वाली गतिविधियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें आगामी 7 अगस्त से 29 अगस्त तक तीन चरणों में विद्यार्थी परिषद के द्वारा सदस्यता अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया। अभियान के प्रथम चरण 07 अगस्त से 14 अगस्त तक जिले के सभी 2 महाविद्यालय में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।



# राशि मिलने के बाद भी मुखिया ने स्टेट बोरिंग की नहीं करायी मरम्मत

♦ कागजी तौर पर तो यह स्टेट बोरिंग संचालित है, लेकिन धरातल पर यह वर्षों से बंद है

**केटी न्यूज/केसठ**



प्रखंड के खरवानियां गांव में कुछ साल पहले लघु सिंचाई विभाग की ओर से लगाए गए स्टेट बोरिंग शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस बोरिंग से 50 बीघा खेतों में लगे फसलों की सिंचाई हो रही थी। यह स्टेट बोरिंग चालू होने के कुछ महीने बाद ही खराब हो गई। परिणाम यह है कि वर्तमान समय में इस स्टेट बोरिंग के मशीनों व भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। हैरत की बात ये है की कागजी तौर पर तो यह स्टेट बोरिंग संचालित है। लेकिन धरातल पर यह वर्षों से बंद है।

बताया जाता है कि इस पंचायत में विभागीय तौर पर स्टेट बोरिंग लगाया गया था। ताकि पंचायत के किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। बोरिंग लगाए जाने के बाद किसानों में उम्मीद जगी थी कि अब उनलोगों के खेतों की सिंचाई सुविधाजनक रूप से हो सकेगी। लेकिन स्टेट बोरिंग लगाए जाने के कुछ महीने बाद ही खराब हो गया। बता दें कि अभी धान की रोपनी के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत है। पानी के लिए किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

## मुखिया से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा: बीडीओ

बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि किसानों की ओर से स्टेट बोरिंग को ले शिकायत मिली रही। जब जांच किया गया तो बोरिंग जर्जर हालत में था। जांच के क्रम में ये पता चला की पंचायत मुखिया छट्ठू राम के खाते में विगत तीन महीने से 1 लाख 39 हजार की राशि आई हुई है। लेकिन उनके द्वारा उस राशि से अभी तक बोरिंग की मरम्मत नहीं कराई गई है। ये गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि मुखिया से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। बता दें कि स्टेट बोरिंग की देखरेख और संचालन की जिम्मेवारी पंचायत मुखिया की होती है, पर मुखिया ने पैसा लेने के बाद भी इसकी सुध न ली।




## वन विभाग ने कवायद में जुटा, कवलदह पोखरे का काम शुरू

# बक्सर व डुमरांव के आठ पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण, बढ़ेगी हरियाली

**केटी न्यूज/बक्सर**



वन विभाग द्वारा जिले के आठ पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इसकी कवायद शुरू हो गई है। फिलहाल बक्सर के कवलदह पोखरे के सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया गया है। इसके अलावे बक्सर के छह अन्य तथा डुमरांव के एक पार्क में स्वच्छता अभियान व हरियाली योजना के तहत पौधरोपण कर हरा एवं साफ सुथरा बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसके तहत समाहरणालय परिसर स्थित पार्क से लेकर डुमरांव के छठिया पोखरा स्थित पार्क की सौंदर्यता बढ़ेगी तथा हरियाली कायम होगी। इसके साथ ही नगर में विकास के साथ दोनों नगरों में हरियाली भी कायम हो जाएगी। जिससे स्वच्छ बक्सर, स्वस्थ बक्सर के साथ ही हरा भरा बक्सर का सपना साकार हो जाएगा। इस अभियान से वर्षों से उपेक्षित पड़े पार्क अब नगर की स्वच्छता के साथ सौंदर्यता के प्रतीक होंगे। बता दें कि नगर को स्वच्छ व हरा भरा बनाने के लिए बक्सर के सात पार्कों तथा डुमरांव के छठिया पोखरा के पास स्थित पार्क को वन विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके साथ ही नगर के स्टेशन रोड स्थित कवलदह पोखर परिसर पार्क का जीर्णोद्धार का कार्य भी तेजी से शुरू हो गया है। चाहर दिवारी की उंचाई बढ़ाने के साथ आंतरिक पथ वे का कार्य भी लगभग करा लिया गया है।

### इन पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण

बक्सर एवं डुमरांव के आठ पार्कों को फिलहाल वन विभाग को सौंदर्यीकरण व विकास के लिए सौंपा गया है। जिसमें जिला मुख्यालय के सात पार्कों में सिविल लाइंस पार्क, भगत सिंह पार्क, किला मैदान पार्क, नाथ बाबा पार्क, कवलदह पोखरा पार्क, उर्दू स्कूल पार्क, समाहरणालय पार्क तथा डुमरांव के छठिया पोखरा के पास का पार्क शामिल है। बता दें कि कवलदह पोखर पार्क का जीर्णोद्धार 55 लाख, 47 हजार 961 रुपए से हो रहा है। इसमें निर्माण कार्य 2022-23 की योजना के तहत कराया जा रहा है।

### क्या कहते हैं वन विभाग के रेंजर

जिले के कुल 8 पार्क वन विभाग को हस्तांतरित किया गया है। इसके साथ ही नगर के स्टेशन रोड में कवलदह पोखरा पार्क में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। अन्य सात पार्कों की कार्य योजना बनाई जा रही है। विभाग से राशि प्राप्त होने के बाद इन पार्कों का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू होगा।

**– केपी सिंह, रेंजर, वन विभाग, बक्सर**



## प्राइवेट चिकित्सक ने कहा- ठीक हो जाएंगे, लेकिन बिगड़ने लगी हालत

# हादसा : छत पर सोने के लिए जाने के दौरान सीढ़ी से गिरकर चौकीदार की मौत

- स्थिति बिगड़ता देख आरा में कराया भर्ती, चिकित्सकों ने किया रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव में शुक्रवार की रात सीढ़ी से गिरकर एक चौकीदार की मौत हो गई। जिसे इलाज के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत चौकीदार सेदहां गांव निवासी स्व. सत्यदेव सिंह के 48 वर्षीय बेटे अंगद सिंह बताए जा रहे हैं। जो सेदहां गांव के चौकीदार थे। उसके बेटे गजेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात खाने के बाद बांस से बनी सीढ़ी से सोने के लिए छत पर जा रहे थे। इस दौरान अचानक असंतुलित होकर वो सीढ़ी से गिर पड़े। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।



गिरने की आवाज सुनकर घर लोग जब पहुंचे, तो उन्होंने कहा कि पेट में बहुत तेज दर्द हो रहा है। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें पीरो बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने कहा कि घर ले जाइए ठीक हो जाएंगे।

उसके बाद उन्हें घर लाया गया, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। तब उन्हें आरा स्थित



प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की रात उनकी तबीयत काफी बिगड़ गयी। तब उन्हें रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले जा रहे थे। इस बीच मलियाबाग के समीप ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन उनके शव को वापस अपने गांव ले आए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत की सूचना मिलने पर राजद नेता जीतेंद्र प्रताप सिंह और पूर्व जिप सदस्य शैलेंद्र कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। दोनों ने चौकीदार के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। चौकीदार अपने चार भाई और चार बहन में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी पन्ना देवी, पुत्र गजेंद्र सिंह, अमित कुमार और नीतीश कुमार है। घटना के बाद चौकीदार के घर में कोहराम मच गया है। पत्नी पन्ना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पंखे की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

आरा। जिले के चांदी थाना क्षेत्र के बैजनाथ टोला गांव में शुक्रवार की रात एक युवक ने खुदकुशी कर ली। उसका शव परिजनों को उसके ही कमरे में पंखे के कुंडी से लटका मिला। मृतक बैजनाथ टोला गांव निवासी राम अयोध्या राय उर्फ छोटे लाल राय का 22 वर्षीय बेटा प्रदुम कुमार था। करीब एक माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात उसके पिता दूध लेकर डेयरी पर गये थे। उसकी मां और पत्नी इलाज कराने गयी थी। उसी बीच उसने कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद घर वाले लोग पहुंचे, तो उसके कमरे का दरवाजा बंद मिला। आवाज देने और दरवाजा खटखटाने पर भी कमरे से कोई आवाज नहीं आयी। उसके बाद अनहोनी के संदेह में दरवाजा तोड़ा गया, तो वह पंखे की कुंडी से लटका मिला।

## स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन

**जहानाबाद।** जिले के 37वीं स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 31 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल राज दरवार में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साथ ही जिले साहित्यकार, गायक तथा नाट्यकर्मी को सम्मानित किया जायेगा। नागरिक विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मंच के सचिव संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि साहित्यकार सम्मान प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेमचंद की जयन्ती के अवसर पर उनके नाम से दिया जायेगा। गायन क्षेत्र का सम्मान पार्श्व गायक मो. रफी की पुण्यतिथि पर उनके नाम से दिया जायेगा। इसी तरह फिल्मी कलाकार मुमताज के जन्मदिन के अवसर पर उनके नाम से नाट्यकर्मी को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर कलाकारों के द्वारा काव्य गोष्ठी, मो. रफी तथा मुमताज के गाये गानों के साथ साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के लिखे कीर्ति पर परिचर्चा का आयोजन है।

## मारपीट कर पैसा छीनने का मामला दर्ज

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के टेहटा बाजार निवासी विक्की कुमार ने टेहटा बाजार में मारपीट कर पैसे छीनने का आरोप लगाया है। घायल युवक इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर पहुंचा। जहां घायल युवक विक्की ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन टेहटा जा रहा था। इसी दौरान बाजार के दो युवकों ने पहले मारपीट करने लगे और उसके बाद 20 हजार रुपए छीन कर भाग गये। इस मामले में प्राथमिकी के लिए टेहटा ओपी में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं घायल युवक का इलाज रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में कराया गया ।




## पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाला किशोर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम पांच की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जिसमें एक किशोर ने दुकान जा रही एक बच्ची के साथ कुकर्म का प्रयास किया। किशोर बच्ची को अपने पुराने मकान में ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। लेकिन, जब बच्ची ने शोर मचाया तो वह वहां फरार हो गया। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार कर



लिया। वह बच्ची का पड़ोसी है। इधर, पुलिस बच्ची का इलाज कराने के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की शाम बच्ची सामान लेने के लिए दुकान जा रही थी। उसी दौरान उसके पड़ोस में रहने वाला किशोर उसे उठाकर अपने घर के ही खड़ी में ले जाया गया। वहां उसने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। तभी बच्ची जोर-जोर से चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर उसके परिजन फौरन वहां पहुंचे। तबतक किशोर वहां से भाग निकला था। उसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना को सूचना दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष राज किशोर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ऊसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसके परिवार वालों को वापस सौंप दिया गया। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक की टंकी में छिपा कर रखी थी शराब, पुलिस ने किया जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

शराबबंदी के बाद तस्कर नए नए हत्थकंडे अपना कर शराब की तस्करी कर रहे हैं। कभी ट्रैक्टर की ट्रॉली में तो कभी ऑटो में तहखाना बनाकर। लेकिन, भोजपुर पुलिस ने रविवार को दो बाइक बरामद की जिसमें एक की टंकी में और दूसरी की सीट के नीचे शराब की टेट्रा पैक छुपाकर रखे गए थे। पुलिस ने दोनों बाइक से 19 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसके बाद दोनों बाइक जब्त कर लिया गया। हालांकि, तस्कर पुलिस के आने से पहले ही फरार हो चुके थे। बताया जाता है कि बहोरनपुर ओपी पुलिस को सूचना मिली कि तस्करों द्वारा दो बाइक से शराब की खेप लायी जा रही है।

ओपी इंचार्ज के नेतृत्व में दारोगा राजाराम प्रसाद सहित अन्य पुलिस कर्मी श्याम बाबा मंदिर के पास पहुंचे। जहां पुलिस को देख तस्कर बाइक छोड़ भाग निकले। उसके बाद पुलिस ने दोनों बाइक की तलाशी ली। जिसमें एक बाइक की टंकी, तो दूसरी की सीट के नीचे से फ्रुटीनुमा अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। बाइक की टंकी में फ्रुटीनुमा शराब देख पुलिस भी हैरत में पड़ गयी। पुलिस के अनुसार धंधेबाजों द्वारा पाइप के जरिए बाइक में पेट्रोल डालने की व्यवस्था की गयी थी। उसके लिए बोतल में पेट्रोल लटका रखी गयी थी।









### पिछले साल नदी में आई बाढ़ की वजह से करीब 50 एकड़ भूमि का हुआ था कटान

# खतरे की घंटी: घाघरा के बढ़ते जलस्तर ने बढ़ायी जनपद के लोगों की चिंता

**केटी न्यूज/बलिया**



देश के अलग-अलग हिस्सों में आई बाढ़ के बीच बलिया में भी खतरे की घंटी बजनी शुरू हो गई है। घाघरा जहां उफान पर है, वहीं गंगा का जलस्तर अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। वहीं पूवार्भास के मद्देनजर जिला प्रशासन भी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया हैं। समय-समय पर जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम व जनप्रतिनिधि कटान क्षेत्र का दौरा कर रहे है। घाघरा के कारण कटान शुरू हो गया है, वहीं गंगा की उफनाती लहरें आने वाले दिनों कहर बरपाने सकती है।

बलिया में घाघरा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसकी वजह से नदी के निकटवर्ती रेवती विकास खंड के शिवाल मठिया और गोपालनगर गांव के किसानों की चिंता बढ़ गई है। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से इस क्षेत्र में किसानों की खेती वाली जमीन का कटान शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि पिछले साल भी इस नदी में बाढ़ आई थी, जिसकी वजह से करीब 50 एकड़ भूमि का कटान हुआ था और इस साल भी तेजी से जमीन कट रही है। किसानों के मुताबिक घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने की वजह इस साल भी अबतक लगभर 50 घर कटकर नदी की धारा में विलीन हो चुके हैं। पिछले 20 दिनों से इस नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिसकी वजह से बड़े स्तर पर जमीन का कटान हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक नदी का पानी लगभग 100 लट्ठा अंदर की तरफ आ गया है, गांव की तरफ नदी बहुत तेजी से जा रही है।

**गंगा का जलस्तर स्थिर होने से लोगों ने ली राहत की सांस :** गंगा का जलस्तर रविवार को को ठहर गया लेकिन रामगढ़ से लेकर नवरंगा भुवाल छपरा तक अरारों के गिरने का सिलसिला जारी रहा। केंद्रीय जल आयोग गायघाट के अनुसार गंगा का जलस्तर रविवार की दोपहर 12 बजे 55.970 मीटर पर स्थिर रहा। गंगा का जलस्तर स्थिर होने के कारण बाढ़ विभाग व गंगा के किनारे बसे लोगों ने राहत की सांस ली। उधर, रविवार की दोपहर में बारिश होने के कारण दुबे छपरा में जिओ ट्यूब भरने का काम भी प्रभावित रहा।

**लोगों में दहशत का माहौल :** नौरंगा भुवाल छपरा में गंगा की लहरें कृषि योग्य जमीन को नदी में समाहित करते हुए अब धीरे-धीरे गांव की ओर अपना रुख शुरू कर दिया है। जिसे देखकर नौरंगा भुवाल छपरा के लोगों में भय व दहशत का माहौल कायम है। गंगा की बैक रोलिंग धारा का दबाव बनिया टोला, सोनार टोला रामगढ़ पर धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। गंगा की उफनाती लहरें लालबाबू सुनार, जवाहर सुनार के घर को ठोकर मार रही हैं, जो कभी भी गंगा की लहरों में समाहित हो सकते हैं। पीड़ितों ने कहा कि करीब चार करोड़ की लागत से रिवेटमेंट का कार्य कराया गया जो अगले साल की बाढ़ में ही बह गया और बाढ़ विभाग ने उसे मरम्मत करना मुनासिब नहीं समझा।

## भाग्रापए के सदर तहसील पश्चिमी के अध्यक्ष चुने गए विशंभर प्रसाद गुप्त

**केटी न्यूज/बलिया**



भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सदर तहसील पश्चिमी की बैठक नरहीं कृष्णा शिक्षा निकेतन के सभागार में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वृजेंद्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वम्भर प्रसाद गुप्त को सदर तहसील पश्चिमी का अध्यक्ष, राकेश कुमार मिश्र( किसान बाबा) को संरक्षक और ओमप्रकाश शर्मा को महामंत्री चुना गया।

कृष्णा शिक्षा निकेतन के प्रबंधक रविकान्त उपाध्याय (लल्लू उपाध्याय) को एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराया गया तथा उन्हें माल्यार्पण व अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में यह तय किया गया कि जल्द ही एक बड़ा कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार दिग्विजयसिंह, शशिकान्त मिश्र, शशिकांत ओझा और जिलाध्यक्ष वृजेंद्र नाथ सिंह को सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष को जिलाध्यक्ष विजेंद्र नाथ सिंह द्वारा 15 दिनों के भीतर कार्यकारिणी का गठन कर सूची के साथ सदस्यता शुल्क जिलाध्यक्ष को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अभय प्रकाश द्विवेदी, संतोष उपाध्याय, रोहिणी रमण पाण्डेय, कुंदन राय, अवधेश पाण्डेय,राजनाराायण सिंह, दिनेश यादव, श्याम जी यादव, कमल राय आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेंद्र नाथ सिंह तथा संचालन वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत ओझा ने किया।

## एनइपी 2020 के तीन वर्ष पूरे होने पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 के तीन वर्ष पूरे होने पर जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सभागार में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का शिक्षा पर प्रभाव' विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी हित में है। यह नीति विद्यार्थियों के लिए अध्ययन को सुगम बनाने के साथ ही उनमें व्यावसायिक कौशल का भी विकास करती है।

बहुस्तरीय प्रवेश की व्यवस्था से बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों को फिर से पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। मातृभाषा में शिक्षण पर बल देने से प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को पढ़ाना, समझाना सुगम हो जाता है। निदेशक, शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने एनइपी की व्यावहारिक पक्ष पर बल दिया। कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें कार्यक्षम बनाती है। डॉ. अजय चौबे, सह आचार्य, अंग्रेजी ने कहा कि एनइपी से विद्यार्थियों के अंदर सुप्त प्रतिभा को उजागर करने में मदद मिली है। विद्यार्थी अपने विषय से इतर विषय में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकता है।संचालन डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव एस एल पाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. स्मिता, डॉ. संदीप, डॉ. नीलमणि आदि प्राध्यापक और परिसर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आप ने की विस प्रभारियों की नियुक्ति

**बलिया।** आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने बताया कि आज सभी विधानसभाओं में प्रभारियों की नियुक्ति आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुनः की गई है। सदर विधानसभा बलिया से अशोक कुमार, बैरिया विधानसभा से ऋषिकेश भारत, फेफना विधानसभा से छोटे लाल चौरसिया, रसड़ा विधानसभा से संत प्रकाश सिंह, सिकंदरपुर विधानसभा से विजय शंकर राजभर, बेल्थरा रोड विधानसभा से हृदयानंद सिंह, बांसडीह विधानसभा से सुशांत राज भारत, इस बैठक में विपिन कुमार तिवारी जी को जिला कार्यकारिणी में शामिल करते हुए जिला मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। सुशांत राज भारत ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार जिले में संगठन को विधानसभाओं से लेकर ब्लॉक, सेक्टर तथा ग्राम सभाओं तक ले जाना है और हर बूथ पर 10 यूथ की मौजूदगी सुनिश्चित करनी है।

## जिसे अस्पताल से पति समझ कर ले गई घर वह निकला कोई और...

**केटी न्यूज/बलिया**



देवकली निवासी जानकी देवी जिस विक्षिप्त व्यक्ति को अपना पति समझ कर घर ले गई, वह नगरा थाना क्षेत्र के सिकरहटा गांव निवासी राहुल राम निकला। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नगरा थाने में एक माह पहले से ही दर्ज है। परिजनों को बुलाकर पहचान कराई गई। पहचान करने के बाद परिजन उसे अपने साथ लेकर घर चले गए।

बता दें कि जिला अस्पताल के पास एक महिला ने एक विक्षिप्त पुरुष को 10 वर्ष से लापता पति बताकर अपने घर ले गई। वह काफी छानबीन के बाद नगरा थाना क्षेत्र के सिकरहटा गांव का राहुल राम निकला। बताया जाता है कि यह मामला तब सामने आई आया जब कुछ सामाजिक लोग आर्थिक रूप से कमजोर महिला को कुछ मदद करने पहुंचे, जहां देखा की सैकड़ों की संख्या में लोग वहां पहले से उपस्थित थे और तरह तरह की चचाएं कर रहे थे। उधर पूरे परिवार के चहेरे पर खुशी थी। कारण की खोया जो पति मिला था। इस दौरान अपने हाथों से खाना खिलाया जा रहा था, बूढ़ी मां पंखा हाक रही थी। पर एक बात को लेकर परिवार सहित गांव के लोग परेशान थे की 10 वर्ष पूर्व लापता पति मोतीचंद वर्मा के पेट पर एक ऑपरेशन हुआ था। जिसका निशान नहीं दिखा। मामला डीएनए टेस्ट करवाने तक होने लगा। अंततः विगत 2 घंटे की पूछताछ में यह पता चला की यह कोई राहुल राम है जो नगरा के सिकरहटा गांव के है और यही से चालू हुआ सही पता ढूंढने का सिलसिला। बड़ी मशक्कत कर असली घर का पता चल ही गया।

विक्षिप्त व्यक्ति को लेने आए चचेरे भाई ने बताया कि यह राहुल है जो एक महीने से लापता है। जिसकी सूचना नगरा थाना में भी दर्ज है। आखिरकार सात घंटे के लंबे संघर्ष के बाद इस केस का विराम हुआ और राहुल को उनके परिजन अपने घर ले गए।

### शोक में डूबे राज सूरथ और वैश्य ने वर्षों तक की थी तपस्या, तब वहां उत्पन्न हुआ शिवलिंग

## शोकहरण नाथ मंदिर में होती है भक्तों की मनोकामना पूरी

**केटी न्यूज/बलिया**



श्रावण मास चल रहा है। ऐसे में देश, प्रदेश के कोने कोने से शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं बांसडीह तहसील अंतर्गत बेरुआरबारी के पास असेगा गांव में स्थित महादेव मंदिर की भी प्रसिद्धि कम नहीं है, जहां भक्तों की मन्नते पूर्ण होती है।

हिंदू धर्म आस्था का प्रतीक माना जाता है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि जिसकी मन्नत जहां पूर्ण हो जाती है वहीं देव स्थल आस्था का केंद्र बन जाता है। देवों के देवमहादेव अनादि और अनंत है। प्रत्येक देवी-देवताओं की जन्म कथाएं प्रचलित है, किंतु महादेव अजन्म्य है। अर्थात वो इस श्रृष्टि की रचना से पूर्व है, तथा जब यह श्रृष्टि समाप्त हो जाएगी, उसके बाद केवल महादेव ही होंगे। बलिया की धरा ऋषियों मुनियों एवं देवी देवताओं की धरती कही जाती हैं। मार्कण्डेय पुराण व दुर्गा सप्तशती में वर्णित है कि एक राजा सूरथ भी हुए थे। राजा सुरथ का स्थान मार्कण्डेयपुराण में सुरहा का तट ही निर्धारित है, जिन्होंने सुरहाताल के किनारे कई मंदिरों की स्थापना की। उन्हीं मंदिरों में से एक बांसडीह-सुखपुरा मार्ग पर बेरुआरबारी के पास बाबा शोकहरण नाथ महादेव का मंदिर असेगा गांव में स्थित हैं।

### राजा सुरथ व वैश्य की तपस्या से उत्पन्न हुआ था शिवलिंग

पहले असेगा का नाम शोका था, बुजुर्गों के मुताबिक ऐसी मान्यता है कि एक बार राजा सुरथ एवं एक वैश्य अपने पुत्र से दुखी होकर मेघा ऋषि के आश्रम पर जा पहुंचे । मेघा ऋषि आश्रम सदर तहसील क्षेत्र के आमघाट गांव के बगल में सुरहा किनारे स्थान बिराजमान है, वहीं राजा सुरथ व वैश्य ने वर्षों तक तपस्या की। उन दोनों की तपस्या से शिवलिंग उत्पन्न हुआ। उस की स्थापना राजा सुरथ ने की। बाद में इसका नाम शोकहरण नाथ महादेव के रूप में प्रसिद्ध हो गया। तब से ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त दुखी होकर शोक में डूबा रहता है, तो बाबा शोकहरण नाथ के दर्शन से शोक व दुख का हरण हो जाता है। वैसे तो हर रोज यहां दूर दर्राज से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। लेकिन सावन के अलावा फाल्गुनी महाशिवरात्रि के समय एक माह का विराट मेला लगता हैं।










# परंपरा के पुनरोत्थान मार्ग को मोदी ने किया मजबूतः श्रीप्रकाश

केटी न्यूज/गाजीपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भावनाओं तथा विचारों के अभिव्यक्ति का कार्यक्रम ₹मन की बात₹ का 103वां संस्करण रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी बूथों पर सुना व देखा गया। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने जखनियां विधानसभा के बरहट बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की परंपरागत सभ्यता में निहित व आधारित विधि से निर्मित कला, लोक संस्कृति, क्षेत्रीय पर्व, रहन- सहन, खान-पान, राष्ट्र के सम्मान, स्वाभिमान के लिए समर्पित रहे महापुरुषों आदि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणास्त्रोत कार्यक्रम से आने वाली पीढ़ी को मानसिक मजबूती तथा उसके समृद्धि के प्रति संदेश संचार हो रहा है। कहा कि इसी का परिणाम है कि विलुप्त होती परंपरा एवं मानवीय सभ्यता को स्मृति के माध्यम से जीवंतता प्राप्त हो रही है। काशी क्षेत्र मंत्री श्रीप्रकाश शुक्ल आज सैदपुर कार्यालय पर उपस्थित रहकर मन की बात कार्यक्रम को सुने तथा कहा कि देश की परम्परा को जीवंत रख कर उसके पुनरोत्थान का मार्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत किया है और उन्होंने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया।



❐ विचारों की अभिव्यक्ति कार्यक्रम मन की बात का 103वां संस्करण का सभी बूथों पर हुआ प्रसारण

सैदपुर विधानसभा के तेतारपुर बूथ पर उपस्थित रहकर विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन कि बात को सुना तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भावनाओं में समाज का हर व्यक्ति, हर सभ्यता और व्यवस्था में रहने वाले लोग महत्वपूर्ण हैं। इसका परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर हृदय में स्थापित हो चुके हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा गाजीपुर के बूथ संख्या 212 चंद्रशेखर नगर, लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय नगर के हरिशंकरी के बूथ संख्या 259 पर जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नगर के विवेकानंद, महामंत्री ओमप्रकाश राय रेवतीपुर, सुनील कुमार सिंह सुहवल मंडल, अवधेश राजभर बिहरा, अच्छेलाल गुप्ता महाराजगंज, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा सकरताली बूथ, मंडल अध्यक्ष गोपाल राय सेमरा चक फैज, अजीत सिंह सरैया छावनी लाइन बूथ पर उपस्थित रहकर मन की बात कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यक्त विचारों की सराहना करते हुए कहा कि यह देश के बुनियादी ढांचा को मजबूती प्रदान करने का एक बड़ा प्रयास है।




### संयम से काम लें लोगः बारिश के मौसम में उग्र होते है विषैले जंतु

# सर्पदंश के बाद हार्ट अटैक से दो तिहाई मौत

केटी न्यूज/चंदौली

बारिश के मौसम में विषधर उग्र हो जाते हैं। इस मौसम में आम दिनों की अपेक्षा सर्पदंश की घटनाएं कई गुना बढ़ जाती है। बारिश में उमस व बिलों में पानी भरने से सांप सुरक्षित स्थानों की तलाश करते हैं। इससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके चलते दो तिहाई लोगों की मौत हार्ट अटैक के कारण होती है। पिछले वर्ष की बात करें तो लगभग 40 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अब तक15 से अधिक लोगों की मौत हुई है। जून व जुलाई का महीना कोबरा, करैत, दो मुंही सहित आदि सांपों के प्रजनन का महीना होता है। जब वे मादा के साथ जोड़ा बनाते हैं तो वे इसमें किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करते हैं।

ऐसे में वह अक्रामक हो जाते हैं। इस मौसम लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जिले में गेंहूवन (कोबरा)व करैत ही विषैले होते हैं। वहीं धामिना, दो मुंहा, दोड़हा सहित कई विषधर की श्रेणी में नहीं आता है। विषधर ऊंचे स्थानों पर रहना पसंद करता है। बारिश के मौसम में खेतों के मेढ़ के चूहों के बिल में भी रहते है और वहीं शिकार करते हैं। यहीं नहीं शिकार के दौरान चूहे का पीछा करते हुए घरों में घुस जाते हैं। यह तभी काटते हैं जब कोई उन्हें छेड़ता है। पशु वैज्ञानिकों के अनुसार सांप बहरा होने के कारण सुनते नहीं हैं। आंखों के सहारे हिलती-डुलती चीज देखकर और धरती के कंपन के अनुमान पर वह आक्रमण करते हैं। जब हमलावर हो तो उनके ऊपर कपड़ा व रुमाल फेंकना चाहिए, जिससे वह उसमें फंस जाएं।



**15 मिनट के भीतर उभरते हैं लक्षण :** जहरीले सांप के काटने के 15 मिनट के भीतर जो लक्षण उभरते हैं। लक्षणों को देखकर इस बात की पहचान आसानी से की जा सकती है कि काटने वाला साँप विषैला था या विषहीन। साँप के काटे गये स्थान पर त्वचा का रंग लालिमायुक्त हो जाता है। उस स्थान पर सूजन नजर आने लगती है और पीड़ित व्यक्ति को तेज दर्द का अनुभव होता है। जहरीले सांप के काटने पर पीड़ित व्यक्ति को सांस लेने में कठिनाई होने लगती है। दृष्टि कमजोर होने लगती है। पीड़ित व्यक्ति का जी मिचलाने लगता है। मुंह से लार निकलने लगती है और शरीर की त्वचा अत्यधिक पसीना छोड़ने लगती है। हाथ-पैरों में झनझनाहट सी होने लगती है।

**झाड़-फूंक के बजाएं कराएं उपचार :** जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डा. संजय कुमार ने कहा कि सांप काटने पर मरीज को झाड़-फूंक या किसी देसी दवा दिलाने के बजाय उसे नजदीकी अस्पताल ले जाएं। सांप के काटने से घाव के आसपास सूजन और लालपन, सांस लेने में दिक्कत, उल्टियां, आंखों के सामने अंधेरा, घाव वाले स्थान पर जलन, चेहरे और पैर में अकड़न होती है। बेहोश होने के साथ ही सांसों की गति कम हो जाती है और दिल काम करना बदं कर देता है। जबकि करैत रात को काटता है। इसके काटने पर सूजन नहीं होता है। जब तक सर्प दंश का एहसास होता है तब तक हालत काफी बिगड़ जाती है।

**सांप काटने पर ये नहीं करें :** सांप काटने वाले अंग को नहीं हिलाना चाहिए, पेशेंट को न तो चलना चाहिए और न ही दौड़ना चाहिए, घाव वाले स्थान पर न तो कट लगाएं, न ही उसे जलाएं, समय बर्बाद न करें, न तो डरना चाहिए और न तो डर फैलाना चाहिए। काटे स्थान पर पांच से छह इंच ऊपर बांध देना चाहिए, ताकि जहर आगे न जाए।

### इन सांपों से बचें

जहरीले सांप क्या आप जानते हैं कि जमीन से कई सांप निकलते हैं, जिनके काटने पर जान भी जा सकती है। सबसे जहरीलों सांपों में से एक है कॉमन करैत। यह रात के वक्त काटता है। झाड़-झखाड़ से निकलकर यह जमीन पर पड़े बिस्तर में घुसने की कोशिश करता है, ताकि उसे गरमाहट मिल पाए। यह जमीन पर सो रहे लोगों के साथ चिपक भी जाता है। जब लोग हिलते-ढुलते हैं तो यह काट लेता है। इसके काटने का लोगों को बिल्कुल भी अहसास नहीं होता। ऐसा महसूस होता है कि उसे किसी चींटी या मच्छर ने काटा हो। यह मुख्य रूप से कान के पास, गले, चेस्ट और पेट पर काटता है। इसके काटने से मरीजों में न्यूरोपैरालाइसिस होता है और दम घुटने लगता है। इसकी लंबाई 100 सेमी होती है। बीच-बीच में सफेद रंग की धारियां बनी होती हैं। पानी के साथ लगते गार्डन में पाया जाता है। कॉमन करैत के काटने पर बिना देर किए मरीज को अस्पताल ले जाना चाहिए।




## गंगा में महिला ने लगाई छलांग

**गाजीपुर।** जनपद के मनिहारी विकास खंड में मुहम्मदपुर गांव निवासी चनवती देवी (50) पत्नी वकील यादव शनिवार की सुबह बेटे से मोबाइल फोन पर किसी बात को लेकर तूं- तूं मैं-मैं की फिर इसी बात से नाराज होकर वह घर से बाहर निकलीं, तो परिवार के लोगों ने पूछा आधार कार्ड से पैसा उतारने जा रही हूं। यह कह कर दोपहर घर से निकल गई और शाम को वीर अब्दुल हमीद सेतु गाजीपुर पहुंचकर गंगा में छलांग लगा दिया। इधर परिवार के लोग रिश्ते नाते में ढूंढते रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला तो सो गए। रविवार को भोर में दो बजे उजियार गांव के पास रात्रि में नाव से मछली मार रहे नाविकों के नाव को वह हाथ से पकड़ने का प्रयास की। जिससे नाविक पहले डर गए। फिर उसके आवाज लगाने के बाद उसे नदी से बाहर निकाला। फिर एम्बुलेंस बुलाकर बलिया सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर किसी निजी हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।


## मानव तस्करी रोकने के लिए प्लेटफार्म पर चलाया गया जागरूकता अभियान

केटी न्यूज/चंदौली

विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल, बचपन बचाओ आंदोलन और मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता संघ के बैनरतले चले जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीडीडीयू जंक्शन के सभी प्लेटफार्मों, ट्रेनों, फुटओवर ब्रिज और सकुर्लेटिंग एरिया में लोगों को मानव तस्करी रोकने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान यात्रियों को अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करने के लिए प्रेरित किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल पीडीडीयू पोस्ट के निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ, मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता संघ और बचपन बचाओ आंदोलन ने संयुक्त रूप से रविवार की दोपहर में अभियान की शुरूआत की। इस दौरान यात्रियों को नाबालिग बच्चों की तस्करी रोकने के लिए, बहला फुसलाकर ले जाने के वालो की सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। बताया गया कि कहीं भी संदिग्ध बच्चा दिखे तो इसकी सूचना आरपीएफ, जीआरपी को दें। इसकी सूचना रेलवे के टोल फ्री नंबर 139 अथवा चाइल्ड लाइन 1098 पर सूचना दे सकते हैं। रेल यात्री को अनजान यात्री से खाने पीने का सामान न ग्रहण करने, चलती गाड़ी में न चढ़ने उतरने, पायदान पर यात्रा न करने, चलती गाड़ियों में पत्थर न मारने एवं रेलवे परिसर/ चलती गाड़ी में किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। अभियान में महिला एसआई सरिता गुर्जर,एसआई जीउतराम यादव, एएसआई शमशेर बहादुर सिंह, माधुरी, श्याम, मानवाधिकार समस्या एवं समाधान सहायता संघ के डॉयरेक्टर संजय कुमार गुप्ता, बचपन बचाओ आंदोलन के कोऑर्डिनेटर देशराज सिंह, चंदा गुप्ता आदि शामिल रहे।




### जयंती की पूर्व संध्या पर चंदौली में याद किए गए कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद

# साहित्यकार कृष्ण कांत श्रीवास्तव किए गए सम्मानित

केटी न्यूज/चंदौली

साहित्यिक संस्था धरोहर की ओर से दीनदयाल नगर के चालीस फीट रोड पटेल नगर में आयोजित गोष्ठी में जयंती की पूर्व संध्या पर उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद को याद किया गया। इस मौके पर मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं को साहित्य जगत का कभी अस्त न होने वाला सूरज बताया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से नगर के साहित्यकार कृष्णकांत श्रीवास्तव प्रेम को उनकी रचना कलम चलती रहे के लिए अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया।





मुख्य अतिथि विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होती है। मुंशी प्रेमचंद जी का व्यक्तित्व व कृतित्व हिंदी साहित्य के इतिहास में वह सूरज है जो कभी अस्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचंद जी ने अपने जीवन में साहित्य के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहे। मुख्य वक्ता कृष्णकांत श्रीवास्तव प्रेम ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद साहित्य जगत का वह सितारा है जो सभी का मार्गदर्शन करता है। उनकी कालजयी रचनाओं को हमें अपने दिल में उतरने की जरूरत है। महेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद जी ने जीवन प्रयत्न सादगी की मिसाल को पेश की है। हमें ऐसे महापुरुषों के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। संस्था के संस्थापक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महापुरुषों के बताएं रास्ते पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होती है। अध्यक्ष बीके सिन्हा ने कहा कि सभी महापुरुषों के विचारों को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस मौके पर राकेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक सैनी, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय यादव, सुनील श्रीवास्तव, अजय सिंह, आभा देवी, आरके श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दीपक आर्य, बृजेश कुमार, अनुराधा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

### विडंबना: 50 वर्ष पूर्व बनी जल निगम की टंकी शोपीस बनकर रह गई

# रतनपुरा में बढ़ता जा रहा पेयजल संकट विभागीय अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौन

**केटी न्यूज/मऊ**



हर घर नल से जल पहुंचाने की कवायद में सरकार सतत प्रयत्नशील है। वहीं दूसरी तरफ रतनपुरा विकासखंड में यह योजना सफेद हाथी बन कर रह गई है। रतनपुरा विकासखंड मुख्यालय पर 50 वर्ष पूर्व जल निगम की टंकी बनायी गई थी। जिससे दर्जनों गांव को पेयजल आपूर्ति की जाती थी। जो आज महज शोपीस बनकर रह गई है। संबंधित विभाग की लापरवाही का खामियाजा यहां के स्थानीय लोग भुगतने को मजबूर हैं। ऐसे समय में जबकि भयंकर सूखे के चलते पानी का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। हैंडपैप मशीनों ने पानी देना बंद कर दिया है। लोगों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। बाजार में जो इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी लेकर लोग अपना काम चला रहे हैं। परंतु जल निगम की टंकी कब बनेगी और जलापूर्ति कब शुरू की जाएगी? इस प्रश्न का कोई उत्तर संबंधित विभाग के पास नहीं है। पानी के लिए लोग परेशान हाल है, लेकिन संबंधित विभाग अपने कुंभकर्णी निद्रा में है।

**विभाग द्वारा नहीं उठाया जा रहा ठोस कदम** : अनेकों बार समाचार पत्रों एवं विभिन्न माध्यमों से संबंधित शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किए जाने के बावजूद भी इस संबंध में पूरी ठोस कदम संबंधित विभाग द्वारा नहीं उठाया जा रहा है। लोगों की इस अहम एवं ज्वलंत समस्या से विभाग पूरी तरह आंख मूंदे बैठा है। शासन की लोकप्रिय योजना संपूर्ण क्षेत्र में मात्र दिखावा बनकर रह गई है। कुछ लोगों ने समरसेबल लगा लिया है परंतु निर्धन तबके के लोग पानी के लिए भारी मशक्कत करने को मजबूर है। ऐसे में स्थानीय लोगों की मांग है कि सूखे के हालात को देखते हुए हर घर हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के निमित्त रतनपुरा मुख्यालय जल निगम की टंकी अविलंब मरम्मत कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

## लोगों में बढ़ता जा रहा है आक्रोश

लंबें समय से बाधित जलापूर्ति के चलते लोगों में असन्तोष एवं आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आक्रोश एवं छोभ चिंगारी कभी भी ज्वालामुखी बनकर फट सकती है। संबंधित विभाग के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस समस्या से पूरी तरह उदासीन है। जबकि समस्या आम जन जीवन से जुड़ी एक बेहद आम एवं गंभीर समस्या है। यदि समस्या के शीघ्र समाधान के लिए प्रभावी कदम अभिलंब नहीं उठाए जाते हैं तो ऐसे में क्षेत्रिय लोगों में व्यापारी नेता मोहन कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, विंध्याचल प्रसाद, अरविंद राम, संजय कुमार सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, मोहन प्रसाद व अन्य ग्रामीणों ने इस ज्वलंत समस्या के प्रति संबंधित शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवाज उठाई है कि हर व्यक्ति को हर परिवार को पेयजल आपूर्ति दिलाने के लिए अभिलंब सार्थक पहल प्रारंभ की जाए ताकि पेयजल की समस्या का समुचित समाधान हो सके।

# महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में 6 अगस्त को कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

**केटी न्यूज/मऊ**



आगामी 6 अगस्त को होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन के अंतिम तैयारी बैठक रविवार को ओम नारायण शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुरा की अध्यक्षता में सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज हलधरपुर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश काग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं दर्जनों शिक्षण संस्थाओं के संरक्षक सुरेश बहादुर सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विकास पुरुष कल्पनाथ राय की 24वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन हेतु प्रत्येक गांव से कांग्रेस कार्यकताओं को सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस का ऐतिहासिक सम्मेलन आयोजित है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह के संयोजक माधवेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारी संख्या में नगरपालिका के कम्युनिटी हॉल में पहुंचने की अपील की। 6 अगस्त को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्वी जोन के प्रभारी विश्व विजय सिंह होंगे। कार्यक्रम के संयोजक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य माधवेंद्र बहादुर सिंह एवं वैशणवी राय रहेंगे। आज की बैठक में वरिष्ठ नेता घनश्याम सहाय, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह डॉ निर्मला सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार पांडेय, राजेश सिंह, मुन्नू राय, रमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, प्यारे लाल, रमेश पासवान, जय श्री चौहान, रामा यादव, शमशेर सिंह, रवि प्रकाश, सुभाष राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पारंपरिक कारीगरों को मिलेगा योजना का लाभ, आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**मऊ।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, राजेश रोमन ने बताया कि आयुक्त एवं निर्देशक उद्योग हस्तकला एवं उद्यम निदेशालय उ०प्र० कानपुर द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारस्परिक कारीगरों के विकास हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2023-24 के संचालित किये गये हैं।

इस योजना के अन्तर्गत जनपद मऊ के परम्परागत दस्तकारों जैसे दर्जी, कुम्हार, नाई, हलवाई, मोची, टोकरीबुनकर एवं राजमिस्त्री ,हस्तशिल्पियों के आजीविका के साधनों को सुदृढ़ीकरण हेतु कारीगरों को कौशल वृद्धि हेतु प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाया जाना है। प्रशिक्षण अवधि का मानदेय देकर सभी प्रशिक्षार्थियों को उन्नत प्रकार के टूलकिट प्रदान किये जायेंगे। जिसके लिए आवेदक उ०प्र० का मूल निवासी हो। आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक को पारम्परिक, बढ़ई, दर्जी कुम्हार, लोहार, नाई, हलवाई, मोची टोकरी बुनकर एवं राज मिस्त्री आदि व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। परम्परागत कारिगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदसा द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन-पत्र केवल बेबसाईड www.diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाईन भरा जायेगा तथा स्वप्रमाणित समस्त प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा किया जायेगा।







